हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आन्दोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email Id: prakharpurvanchal@gmail.com

वाराणसी, चन्दौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, इलाहाबाद तथा गोरखपुर से प्रसारित

वर्ष ८ अंक ११४ पृष्ठ ४, मूल्य ३.००, आमंत्रण मूल्य २.०० २२ अक्टूबर २०२३ दिन रविवार गाजीपुर/वाराणसी

हमेशा 'आउट ऑफ द बॉक्स' सोचिए, छात्रों को मोदी ने दी सलाह

भारत के लिए कुछ असंभव नहीं—पीएम



प्रखर एजेंसी। एक दिवसीय दौरे पर मध्य प्रदेश के ग्वालियर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छात्र–छात्राओं को संबोधित किया। पीएम यहां सिंधिया स्कूल के 125वें स्थापना दिवस में शामिल होने के लिए आए थे। स्कूल के कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि, "सिंधिया स्कूल के 125 वर्ष होने पर आप सभी को बहुत–बहुत बधाई। आज आजाद हिंद सरकार का स्थापना दिवस भी है, मैं आप सभी को इसकी भी बधाई देता हूं।" प्रधानमंत्री ने कहा कि साल 2014 में जब देश ने मुझे प्रधानसेवक का दायित्व दिया तब मेरे पास 2 रास्ते थे– या तो सिर्फ तात्कालिक लाभ के लिए काम करें या दीर्घकालिक अप्रोच को अपनाएं३ आज हमारी सरकार को 10 साल हो रहे हैं और इस दौरान देश ने दीर्घकालिक प्लानिंग के साथ जो फैसले किए वह अभूतपूर्व हैं। च्ड मोदी ने कहा, "आज भारत सफलता की जिस ऊंचाई पर है वह अभूतपूर्व है। पूरे विश्व में भारत की धाक जमी हुई है। 23 अगस्त को भारत चंद्रमा पर वहां पहुंचा, जहां अब तक कोई देश नहीं पहुंच पाया था। पीएम ने कहा कि पहले सैटेलाइट सिर्फ सरकार बनाती थी या विदेश से मंगवाती थी, हमने स्पेस सेक्टर को आप जैसे युवाओं के लिए खोल दिया है। उन्होंने कहा कि हमने डिफेंस सेक्टर को आप जैसे युवाओं के लिए खोल दिया है। आपको मेक इन इंडिया के संकल्प को आगे बढ़ाना है। हमेशा आउट 'ऑफ द बॉक्स' सोचिए। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। आज भारत ग्लोबल फिनटेक एडॉप्शन रेट में नंबर 1 पर है। आज ही गगनयान के क्रू एस्केप सिस्टम का सफल परीक्षण किया गया। आज भारत के लिए कुछ भी असंभव नहीं है।" ग्वालियर में मोदी ने कहा, पहले सैटेलाइट सिर्फ सरकार बनाती थी या विदेश से मंगवाती थी, हमने स्पेस सेक्टर को आप जैसे युवाओं के लिए खोल दिया है३ हमने डिफेंस सेक्टर को आप जैसे युवाओं के लिए खोल दिया है। आपको मेक इन इंडिया के संकल्प को आगे बढ़ाना है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत गरीबी भी दूर करेगा और विकसित भी बनेगा। आज का भारत जो भी कर रहा है वह मेगा स्केल पर कर रहा है। आपके सपने और संकल्प दोनों बड़े होने चाहिए३ आपका सपना ही मेरा संकल्प है। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्यपाल मंगूभाई पटेल, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

विंध्याचल दर्शन के लिए जा रही श्रद्धालुओं से भरी पिकअप पलटी महिला सहित दो की मौत, डेढ़ दर्जन गंभीर

पिकअप में कुल 33 लोग थे सवार

प्रखर मिर्जापुर। जिले में शनिवार को दर्दनाक हादसा हुआ। लालगंज थाना क्षेत्र के गैपुरा रोड पर कुशियरा फॉल के पास पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। वहीं 31 लोग घायल हुए। इनमें से 17 की हालत गंभीर है। लालगंज थाना क्षेत्र के गड़बड़ गांव से विजयपुरा व विंध्याचल दर्शन के लिए एक पिकअप में सवार होकर 33 लोग जा रहे थे। गैपुरा मार्ग पर कुशियरा फॉल के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर को बचाने के चक्कर में असंतुलित होकर पिकअप पलट गया। मौके पर चीखपुकार मच गई। पिकअप सवार सभी लोग घायल हो गए। चार एम्बुलेंस के माध्यम से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह ने 17 श्रद्धालुओं को मिर्जापुर मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। मंडलीय अस्पताल पहुंचने में दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। वहीं तीन लोगों को वाराणसी ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। कलुई देवी (50) और उसके देवर भोला (40) की मौत हुई है।

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अस्पताल पहुंचे परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल रहा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर संजय सिंह ने बताया कि अर्जुन की दो वर्षीय पुत्री आराध्या को तनिक भी खरोच नहीं आई है।

एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने मुख्यमंत्री से 16 पीड़िता को दिलाई 23 लाख की सहायता

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गाजीपुर के लोकप्रिय एमएलसी विशाल सिंह चंचल के आग्रह पर मुख्यमंत्री ने गाजीपुर के 16 पीड़ित परिवारों को 23 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान किये हैं, इनमें 3 छोटे छोटे बच्चे भी शामिल है, इसमें आर्यन गुप्ता (उम्र 4 माह), मनोरमा कुशवाहा (उम्र 12साल), आयुष गुप्ता (उम्र 6 साल), एमएलसी विशाल सिंह चंचल के सहयोग से सराय मुहम्मद के प्रदुम्न यादव को दूसरी बार 2 लाख 50 हजार की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है। एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने 4 माह के बच्चे आर्यन गुप्ता, प्रदुमन यादव के लिए मुख्यमंत्री से आग्रह किया था, क्योंकि इनके इलाज के लिए पैसे की तुरंत ही जरूरत थी। गाजीपुर की सातों विधानसभाओं से आये इन सभी पीड़ित परिवारो ने मुख्यमंत्री और एमएलसी साहब के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। जमानिया के छोटे से बच्चे आर्यन गुप्ता (उम्र 4 माह) को इलाज के लिए 105000 की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है तो वहीं सरैया रामपुर की छोटी सी बच्ची काजल दुबे को इलाज के लिए 150000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। बहादुरगंज के आयुष गुप्ता को इलाज के लिए 100000 रुपये की आर्थिक सहायता, छोटी बच्ची मनोरमा कुशवाहा, छोटी बच्ची प्रियंका को भी आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। आर्यन, प्रियंका, मनोरमा, काजल, आयुष के माता पिता बहुत ही खुश हैं। इसी प्रकार गौरा के संजय राय को 1 लाख 90 हजार रुपये की, करमइता की उषा को 1 लाख रुपये की, बाक्सूपर की प्रियंका को 1 लाख 98 हजार रुपये की, अफजलपुर की मनोरमा को 75000 रुपये की, सहाबुद्दीनपुर के उमाशंकर सिंह को 2 लाख 50 हजार रुपये की, कमालपुर के अरविंद यादव को 2 लाख 50 हजार रुपये की, शेरमठ के कृष्णा यादव को 2 लाख 71 हजार रुपये की, देवचन्द्रपुर के पारस नाथ को 50 हजार रुपये की, सरैया रामपुर की काजल दुबे को 1 लाख 50 हजार रुपये की, हरदासपुर काशी के कृष्णा को 1 लाख रुपये की, बहादुरगंज के आयुष गुप्ता को 1 लाख रुपये की, जमानिया के आर्यन गुप्ता को 1 लाख 5 हजार रुपये की, सराय मुहम्मद के प्रदुम्न यादव को 2 लाख 50 हजार रुपये की, ताजपुर की महिमा को 1 लाख 35 हजार रुपये की, भैरवपुर की चिंता सिंह को 75 हजार रुपये की, अभिसहन की कुसुम देवी को 1 लाख 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई हैं। एमएलसी विशाल सिंह ष्चंचलष ने सभी के जल्द ही स्वस्थ होने की कामना की है।

सरकारी अस्पताल से लौटते ही डेंटिस्ट ने लगाई फांसी, मौत

प्रखर भदोही। कोतवाली क्षेत्र के खड़हट्टी मोहाल निवासी प्रमुख समाजसेवी रामलाल अग्रवाल के छोटे पुत्र डॉ. गौरव अग्रवाल (45) की शुक्रवार की देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनका शव घर में साड़ी के सहारे लटकता मिला। डॉ. गौरव मिर्जापुर के सरकारी चिकित्सालय में दंत रोग विशेषज्ञ के पद पर तैनात हैं। जानकारी के अनुसार, डॉक्टर गौरव हर दिन की तरह शुक्रवार की देर शाम हॉस्पिटल से घर पहुंचे। आने के बाद घर के अंदर क्या हुआ किसी को पता नही चला। परिजनों ने देखा कि उनका कमरा अंदर से बंद है। परिजनों ने उनका दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया गया, लेकिन काफी प्रयास के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो परिजन परेशान हो गए। परिजन दरवाजा तोड़कर अंदर गए तो अंदर का नजारा देख सन्न रह गए। डॉ. गौरव का शव पंखे के सहारे लटक रहा था। परिजन फंदे से उतारकर आनन–फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताते चले मृतक के बड़े भाई भी डॉक्टर हैं, जो मुंबई में प्रैक्टिस करते हैं। पिता नगर के एक संभ्रांत नागरिक व समाजसेवी हैं।

बीएचयू की शोध छात्रा ने हॉस्टल में काटा गला, स्थिति गंभीर

प्रखर वाराणसी। काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के जमुना हॉस्टल में रहने वाली छात्रा ने खौफनाक कदम उठाया। शनिवार दोपहर उसने अपना गला काट कर जान देने की कोशिश की। सूचना से विश्वविद्यालय प्रशासन में हड़कंर मच गया। आनन–फानन छात्रा को बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना पर एसीपी प्रवीण सिंह और चीफ प्रॉक्टर मौके पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि खुदकुशी की कोशिश करने वाली छात्रा बीएचयू से शोध कर रही है। वो भदोही की रहने वाली है। उसके परिजनों को सूचित कर दिया गया है। छात्रा के इस आत्मघाती कदम उठाने का कारण अभी साफ नहीं है।

पुलिस अधीक्षक ने पुष्प अर्पित कर दिया शहीद जवानों को श्रद्धांजलि

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शनिवार को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा पुलिस लाइन गाजीपुर में स्थित स्मृति स्थल पर जाकर, देश के लिए अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए शहीद पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों को याद करते हुए स्मृति स्थल पर पुष्प अर्पित किया गया तथा उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके पूर्व पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के संदेशों का पढ़कर सभी को सुनाया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस तथा पैरामिलिट्री फोर्स के विभिन्न जवान जिन्होंने कर्तव्यों का पालन करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी,उनकी वीरगाथा भी बताई गई तथा उनका नाम सभी को बताया गया। पुलिस लाइन में मौजूद अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगरध्ग्रामीण, सभी सर्किलों के क्षेत्राधिकारी, क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक लाइन तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

एक करोड़ की दो डीसीएम वाहनों में लदी 1600 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ 03 शराब तस्कर गिरफ्तार

प्रखर अहरौरा मर्जापुर। पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़, अवैध शराब एवं मादक पदार्थो की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षकध्थानाध्यक्षगण को निर्देश दिया गया है । उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना अहरौरा, एसओजी, सर्विलांस व आबकारी विभाग की संयुक्त पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है । दिनांकः20.10. 2023 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो डीसीएम वाहनों पर शराब तस्कर भारी मात्रा में शराब लादकर वाराणसी की तरफ से आ रहे है । उक्त सूचना के आधार पर थाना अहरौरा, एसओजी, सर्विलांस व आबकारी विभाग की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना अहरौरा क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग की जाने लगी । इस दौरान दो डीसीएम वाहन को अपनी ओर आता देख पुलिस टीम द्वारा रोकने का इशारा किया गया, जिसपर शराब तस्करों द्वारा वाहन रोककर भागने का प्रयास किया गया परन्तु पुलिस टीमों द्वारा मौके से तीनों व्यक्तियों को पकड़ लिया गया । पकड़े गये तीनों व्यक्तियों द्वारा पूछताछ में अपना नाम हरपाल सिंह उर्फ सोनू, विजय पाल व प्रमोद मौर्या बताते हुए दोनो डीसीएम वाहनों पर अवैध अंग्रेजी शराब लदा होना बताया गया । बरामद वाहनों की तलाशी ली गयी तो उपरोक्त दोनो डीसीएम में लदी हुई कुल 1600 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब(ें नेवी क्लब ब्लू ब्लेण्डेड व्हीस्की) बरामद हुई । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अहरौरा पर मु0अ0स0–226ध्2023 धारा 60ध्63 आबकारी अधिनियम व 420,467,468,471 भादवि पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को मा0न्यायालयध्जेल भेजा जा रहा है तथा शराब तस्करी में प्रयुक्त डीसीएम वाहन संख्याःच्ठ11क्ब्3812 के पीछे ठत्03त्ब्9508 नम्बर प्लेट और वाहन संख्याःच्ठ11क्ठ6945 के पीछे ठत्02ब्ज्4576 नम्बर प्लेट लगा था, जिसे अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि उन्हे उत्तराखण्ड प्रान्त से दोनो डीसीएम वाहन मालिको द्वारा उपलब्ध करायी जाती है तथा जिसे झारखण्ड प्रान्त के गढ़वा में एक पेट्रोल पम्प के पास ले जाकर खड़ी करने के लिए बताया गया था, जहां एक व्यक्ति आयेगा और कोडकृ "प्यास लगी है उत्तराखण्ड का पानी है क्या" बोलेगा तो उसे दोनो वाहनों को दे देना है जो पुनः 3–4 घण्टे में वाहनों को खाली कराकर लाकर वाहन वापस दे देगा ।

जेडीयू के राष्ट्रीय महासचिव धनंजय सिंह का धूमधाम से मनाया गया जन्म दिवस

प्रखर शाहगंज जौनपुर। जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व सांसद धनंजय सिंह का शुक्रवार की रात पार्टी कार्यकर्ताओं ने नगर के आजमगढ़ रोड स्थित एक होटल में केक काटकर धूमधाम से जन्म दिवस मनाया।केक काटने के पश्चात कार्यकर्ताओ ने जमकर आतिशबाजी की और एक दूसरे मिठाई खिलाई कर अपनी खुशी का इजहार किया।और पूर्व सांसद के दीर्घायू होने की ईश्वर से कामना की। उक्त अवसर पर जेडीयू के नेता एजाज अली ने कहा की पार्टी के नीतियों और योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना और आगामी आम चुनाव में पार्टी को विजय श्री दिलाना ही मुख्य उद्देश्य है।इंडिया गठबंधन में पड़ रही दरार के सवाल पर एजाज अली ने कहा की पार्टी के हाईकमान सभी पार्टी के मुखिया से सम्पर्क में हैं अगर कहीं कोई नाराजगी है तो उसे दूर कर लिया जाएगा। उक्त अवसर पर शेखर साहू, आजम कुरैशी, चन्दन जायसवाल, सारिक खान, विक्रम सिंह,परवेज मंसूरी, श्री प्रकाश वर्मा, शैलेश नाग, मकबूल अहमद, जोगेंद्र गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

देवी का माहात्म्य व उपासना !

भारत में विविध संप्रदाय कार्यरत हैं । इन संप्रदायों के अनुसार संबंधित देवताओं की पूजा उपासना पद्धति प्रचलित है। गाणपत्य, शैव, वैष्णव, सौर्य, दत्त आदि संप्रदायों की तरह शाक्त संप्रदाय का अस्तित्व भी प्राचीन काल से भारत में है। शाक्त संप्रदाय द्वारा बताई गई पद्धति से शक्ति उपासना करने वाले अनेक शाक्त भारत में सर्वत्र मिलते हैं। आदि शंकराचार्य जी ने पंचायतन पूजा की प्रथा भारत में प्रारंभ की। उसमें देवी का स्थान महत्वपूर्ण है। भारत में जिन उपास्य देवताओं की उपासना की जाती है, उन प्रमुख पांच देवताओं में से एक शक्ति अर्थात देवी है। तंत्र शास्त्र की आराध्य देवता रू तंत्र शास्त्र का पालन करने वाले तांत्रिक तंत्र शास्त्र के जनक सदाशिव की उपासना करते हैं। इसी तरह त्रिपुर सुंदरी, मातंगी, उग्रतारा आदि तांत्रिक शक्तियों की भी उपासना करते हैं। इससे शिव के समान शक्ति भी तंत्र शास्त्र की आराध्य देवता है यह स्पष्ट होता है।

पुराणों की कथाओं के माध्यम से लक्षित हुई देवी की गुण विशेषताएं –

षजिज्ञासु एवं मुमुक्षु इनका प्रतीक पार्वती देवीष्– पार्वती माता शिव की अर्धांगिनी थीं, तो भी शिव जी से गूढ ज्ञान प्राप्त करते समय पार्वती जी की भूमिका एक जिज्ञासु की रहती थी। तीव्र जिज्ञासा के कारण उन्हें भूख, प्यास, नींद, इनका भी ध्यान नहीं रहता था। ज्ञान प्राप्ति की लालसा से वे शिव को अनेक प्रश्न पूछती हैं। इससे ही प्रसिद्ध शिव पार्वती का वार्तालाप, अथवा संभाषण इनका उल्लेख पुराणों में मिलता है। पार्वती स्वयं आदि शक्ति थीं तो भी गुरु समान शिव से ज्ञानार्जन करने के लिए वे स्वयं जिज्ञासु एवं मुमुक्षु इनका मूर्तिमंत स्वरूप बन जाती हैं। इसलिए ही शिव जी ने पार्वती जी को तंत्र शास्त्र का गूढ ज्ञान प्रदान किया। ष्कठोर तपस्या करने वाली महान तपस्विनी होने के कारण उन्हें अपर्णा एवं बह्मचारिणी नाम से संबोधित किया जानाष् – कठोर तपस्या करके जिस तरह ऋषि मुनि भगवान को प्रसन्न कर लेते हैं, वैसा ही कठोर तप पार्वती जी ने शिव शंकर को प्रसन्न करने के लिए किया था । केवल पेडों के पत्ते खाकर रहने के कारण पार्वती को अपर्णा नाम प्राप्त हुआ । पार्वती हिमालय राज की कन्या एवं राजकुमारी थीं । वह सुंदर एवं सुकोमल थीं तो भी शिव को प्रसन्न करने का उनका दृढ़ निश्चय होने के कारण उन्होंने शरीर का ध्यान न रखते हुए बर्फ से ढके हुए प्रांत में विशिष्ट मुद्रा धारण करके दीर्घकाल तक तप किया। उनके तप की उग्रता इतनी थी कि उससे निर्मित ज्वालाएं संपूर्ण ब्रह्मांड में फैल रही थीं, एवं स्वर्ग पर आधिपत्य करने वाले तारकासुर को भी भयभीत करने वाली थीं। पार्वती के वध के लिए निकट आए तारकासुर के सैनिकों को उनकी शक्ति सहन न होने के कारण वे भस्मसात हो गए। नवदुर्गा में से ब्रह्मचारिणी यह रूप हाथ में जप माला लेकर तापसी वेश धारण किए हुए तपस्यारत पार्वती का ही प्रतीक है। पार्वती को अपर्णा एवं ब्रह्मचारिणी इन नामों से भी संबोधित किया जाता है। समस्याओं पर स्वयं उपाय खोज निकालने वाली स्वयंपूर्ण पार्वती देवी – कैलाश पर निवास करते समय स्नान के समय कक्ष की पहरेदारी की सेवा करने के लिए पार्वती जी ने अंतः प्रेरणा से स्वयं के मैल से गणपति का निर्माण किया । सुरक्षा के व्यक्तिगत कारण से गणपति का निर्माण किया, तो भी पार्वती जी के कारण संसार को आराध्य देव श्री गणेश प्राप्त हुए यह त्रिवार सत्य है। देवी कौशिक की निर्मिती भी इसी तरह के भाव से हुई है । समुद्र मंथन के समय उत्पन्न विष को मंदराचल पर्वत द्वारा सोखा गया। उस सोखे हुए विष के प्रभाव से मंदराचल पर्वत की मुक्ति करने के लिए शिव के साथ पार्वती जी ने उस पर करुणामय दृष्टि से कृपा की। जब मंदराचल से निकलने वाली विषयुक्त हवा शिव शंकर स्वयं सोख रहे थे, तब कुछ अंश का परिणाम पार्वती जी पर भी हुआ इस कारण वे काली हो गईं। उमा को उनका गौर वर्ण प्रिय होने के कारण पुनः गौर वर्ण प्राप्त करने के लिए उन्होंने ब्रह्म देव को प्रसन्न करने के लिए कठोर तप प्रारंभ किया। उनकी तपस्या से प्रसन्न ब्रह्मदेव ने उन्हें फिर से गौर वर्ण प्रदान किया एवं उस समय उनके श्याम वर्ण से कौशिकी नामक एक देवी का निर्माण किया । इस देवी ने आगे चलकर शुंभ निशुंभ इन दैत्यों का वध किया। इस प्रकार पार्वती जी ने संपूर्ण विश्व को त्रस्त करने वाले शुंभ निशुंभ इन दैत्यों का संहार करने वाली देवी की निर्मिति की। अति संवेदनशील एवं अति कठोर ये विपरीत गुण रखने वाली पार्वती – श्री गणेश जी के शिरच्छेद का समाचार मिलने पर पार्वती जी दुखी होकर रुदन करने लगती हैं एवं अगले ही क्षण नवदुर्गा का उग्र रूप धारण करके देवताओं को कठोर वचन सुनाती हैं । गणपति को हाथी का मस्तक लगाने के बाद पार्वती जी का उग्र रूप शांत होकर वे उमा का रूप धारण करती हैं। देवी कौशिकी पर प्रहार करने के लिए आए हुए असुरों को दंड देने के लिए पार्वती चंडी, चामुंडा ऐसे उग्र रूप धारण करके असुरों का संहार करती हैं एवं दूसरे ही क्षण पुत्री के समान प्रिय कौशिकी की चिंता से व्याकुल होती हैं। पार्वती में अति संवेदनशील एवं अति कठोर ये विपरीत गुण एक ही समय प्रबल दिखाई देते हैं। आदिशक्ति का स्वरूप प्रकट करके सब को त्रस्त करने वाले दुर्गमासुर एवं महिषासुर दैत्यों का संहार करना – हमेशा तपस्वी जीवन व्यतीत करने वाली, सौम्य स्वरूप धारण करने वाली पार्वती देवी ने अवसर आने पर देवता एवं ब्रह्मांड का अनिष्ट शक्तियों से रक्षण करने के लिए उग्र रूप धारण करने के अनेक उदाहरण पुराणों में मिलते हैं। ब्रह्मदेव से अजेय होने के वरदान के साथ ही चारों वेद प्राप्त करने वाले दुर्गमासुर के कारण धर्म की दुर्दशा हो रही थी एवं सर्वत्र अधर्म बढ़ रहा था। ऐसी स्थिति में देवताओं की शक्ति क्षीण हो गई थी । तब दुर्गमासुर को केवल स्त्री शक्ति ही नष्ट कर सकती थी, क्योंकि देवताओं द्वारा वध ना होने का वरदान दुर्गमासुर को प्राप्त हुआ था। तब पार्वती जी ने आदिशक्ति का स्वरूप प्रकट करके श्री दुर्गादेवी का रूप धारण किया एवं दुर्गमासुर से युद्ध करके उसका वध किया । इसी तरह अपराजिता योद्धा एवं बलवान, अनिष्ट शक्तियों से युक्त महिषासुर का वध करने के लिए पार्वती, लक्ष्मी, एवं सरस्वती इन तीनों देवियों की शक्ति एकत्रित होकर उससे महिषासुर मर्दिनी देवी की निर्मिति हुई । मायावी शक्ति की सहायता से युद्ध करने वाले महिषासुर को पराजित करके देवी ने उसका शिरच्छेद किया। इसी तरह पार्वती ने चामुंडा रूप धारण करके चंड, मुंड इन दैत्यों का संहार किया एवं काली का रूप धारण करके असंख्य असुरों का वध करके देवताओं को अभय दान दिया। करुणामयी देवी द्वारा पृथ्वी के जीवों के लिए शताक्षी एवं शाकंभरी रूप धारण कर कृपा करना – दुर्गमासुर द्वारा वेदों को पाताल में बंदी बनाने के कारण धर्म का लोप हो गया, यज्ञ एवं उपासना न होने के कारण देवताओं को उनका हविर्भाग नहीं मिल पा रहा था। इस कारण देवताओं की भी शक्ति क्षीण हो गई। देवताओं की पृथ्वी पर कृपा वर्षा रुक गई । इस कारण पृथ्वी पर भीषण अकाल पड़ गया। नदी, झरने, पानी के स्रोत सूख गए । तब पृथ्वी पर मरणोन्मुख स्थिति को प्राप्त जीवों की दुर्दशा देखकर महिषासुर मर्दिनी माता की आंखों में आंसू आए और उससे शताक्षी देवी की निर्मित हुई । सौ आंखों वाली देवी की आंखों से बहने वाली अश्रु धाराएं पृथ्वी पर आईं एवं उन्होंने नदियों का रूप धारण किया। इस तरह सर्वत्र पानी उपलब्ध हुआ। तत्पश्चात देवी के अंश से शाकंभरी देवी की निर्मित हुई, जिनकी कृपा से पृथ्वी पर सर्वत्र शाक अर्थात पत्ते वाली सब्जियां एवं अन्य सब्जियों का निर्माण हुआ। इस प्रकार पृथ्वी के जीवन के लिए पानी एवं शाक उपलब्ध होकर पृथ्वी पर से अकाल के संकट का निवारण हुआ।

लेकर टिकट रेल !

शुरू हुई मारा मारी ।
लेकर टिकट रेल ।।
आ गए त्यौहार ।
होगा शुरू खेल ।।
जाना जिसको गांव शहर ।
है उसको तनाव ।।
टिकट नहीं कन्फर्म ।
है ऐसा पड़ाव ।।
करनी जिसको यात्रा है ।
हैं वो चिंताग्रस्त ।।
साल भर है हाल यही ।
किया रेलवे त्रस्त ।।
हुई कोशिश लाख ।
पर निकला ना हल ।।
हैं वो भी असहाय ।
पास जिनके बल ।।



कृष्णेन्द्र राय

नवरात्रि से सामाजिक प्रेरणा

बुराई पर विजय की प्रेरणा– नवरात्रि एक सामाजिक अनुष्ठान त्योहार है जो देवी को समर्पित है, जिसे अक्सर दुर्गा के रूप में देखा जाता है। वह परम दिव्य शक्ति के रूप में पूजनीय हैं जो बुराई और गलत को नष्ट करने, अच्छाई का पोषण करने और जीवन को चाहे किसी भी रूप में बनाए रखने में सक्षम हैं। विश्वास करने वाले मनों में दिव्य नारी का यह रूप या नौ अभिव्यक्तियों में से कोई भी, जो नव–रात्रि तपस्या की अध्यक्षता और प्रेरणा देती हैं। सामाजिक एकता की प्रेरणा– नव–रात्रि का मूल अध्यात्मवाद उत्सव और सामाजिकता है।प्रकट शरीर में देवी की विविध अभिव्यक्तियाँ, दैवीय ऊर्जा के पहलू जो ये अभिव्यक्तियाँ दर्शाती हैं, देवी के कारनामे और बुराई के खिलाफ उनके आत्मविश्वास पैदा करने वाले कार्य, और इनकी मूल भावना, सामूहिक अपील और देवी की मार्गदर्शक शक्ति, लोगों की राष्ट्र को पुनः प्राप्त करने की इच्छा में शामिल हैं। नव–रात्रि इस प्रकार धर्मशास्त्र, सामाजिक और राष्ट्रीय चिंताओं और जश्न मनाने की इच्छा को जोड़ते हैं। कन्याओं की प्रतिष्ठा की प्रेरणा– नव–रात्रि का न केवल भारतीय समाज पर गहरा प्रभाव है, बल्कि ऐसा लगता है कि मध्ययुगीन मानस ने इसमें कई सामाजिक बुराइयों, विशेषकर लड़कियों के प्रति अपने दृष्टिकोण में सुधार की भी तलाश की है। नव–रात्रि ने देवी की दिव्यता में निहित देवी के विभिन्न रूपों का प्रतिनिधित्व करते हुए, सभी नौ दिनों में उनकी पूजा को अनिवार्य करके कन्याओं की पूर्व प्रतिष्ठा करने की मांग की है।

आर्टिकल– डॉ. मोनिका रघुवंशी

चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान द्वारा सैकड़ो बच्चों के बीच आत्मसुरक्षा हेतु सभी नियमों से अवगत करायें एवं नारी सुरक्षा साईबर क्राईम के बारे में विस्तार से बताया

प्रखर वाराणसी। बाल विद्यालय माध्यमिक स्कूल प्रहलादघाट मेश्री आर.एस. गौतम जी (डी.सी.पी., वाराणसी काशी जोन) एवं श्री अमित कुमार पाण्डेय जी (ए.सी.पी., कोतवाली, वाराणसी) द्वारा साईबर क्राईम तथा शासन द्वारा बनाये गये महिलाओं के प्रति सुरक्षा के अन्तर्गत चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान द्वारा सैकड़ो बच्चों के बीच आत्मसुरक्षा हेतु सभी नियमों से अवगत करायें एवं नारी सुरक्षा साईबर .क्राईम के बारे में विस्तार से बताया।उन्होंने सम्बन्धित दूरभाष संख्या की सूची के अन्तर्गत किसी भी प्रकार का कोई असुरक्षा महिलाओं के प्रति अगर होती है, साईबर क्राईम क्यों होती है इसके विषय में विशेष जानकारी दिये, महिलाओं को विशेष रूप से सजग करते हुए उन्होंने बताया, कि यदि आपके साथ इस प्रकार की कोई भी घटना घटित होती है तुरन्त दिये गये टोल–फ्री नं0 पर अवगत कराये। साथ ही छक्थ के इन्सपेक्टर गौतम जी द्वारा भुकम्प, बाढ़ तथा आग लगने की स्थिती में बचाव के नये–नये तरीके एवं मुख्य रूप से ब्च् विधि का प्रयोग भी मंच पर उपकरणों द्वारा प्रयोगात्मक तरीके से बच्चों के बिच दर्शाकर समझाया की कैसे आप इन विकट परिस्थितियों में अपने आप एवं अन्य किसी को भी बचा सकते हैं? बच्चों ने माल्यार्पण कर सभी अतिथियों का भव्य स्वागत किया 'विद्यालय के निदेशक श्री मुकुल पाण्डेय जी एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती स्नेहलता पाण्डेय एवं उपप्रबन्धक श्री मंजुल पाण्डेय जी द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं बच्चों ने उक्त कार्यक्रम में बढ़–चढ़ कर भाग लिया जिसमें मुख्य रूप से श्री चन्दन चौधरी, दिपक मिश्रा, श्री जफीर, श्री सूरज सैनी, श्री अशोक उपाध्याय,श्री पवन केशरी आदि अध्यापको ने अपना सहयोग दिया।

शारदीय नवरात्र अश्विनी शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि में प्रथम प्रस्तुति के अंतर्गत आशीर्वाद संगीतालय के कलाकारों ने देवी स्तुति, पारंपरिक कत्थक, धुनुची नृत्य प्रस्तुति की

प्रखर वाराणसी। घाट संध्या के अंतर्गत नवरात्रि विशेष काशी सांसद महोत्सव के विशिष्ट चरण में अस्सी घाट पर सुबह ए बनारस के संयोजन में शारदीय नवरात्र अश्विनी शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि में प्रथम प्रस्तुति के अंतर्गत आशीर्वाद संगीतालय के कलाकारों ने देवी स्तुति, पारंपरिक कत्थक, धुनुची नृत्य प्रस्तुति की। कार्यक्रम में भाग लेने वाले कलाकार, गुरू डॉ जया राय सुश्री अन्नेशा दत्ता, मौली जायसवाल ,मनस्वी रावत, तानशी कुशवाहा, कृति दास, सिद्धि कस्तूरे उपस्थित रहे । गरबा सौभाग्य का प्रतीक माना गया है और अश्वनी मास की नवरात्रों को गरबा नृत्योत्सव के रूप में मनाया जाता है गुजरात का सबसे लोकप्रिय गरबा नृत्य केशरी परिवार की महिलाओं के द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसमें भाग लेने वाले कलाकार श्रीमती रंजना केसरी, बॉबी केसरी, पल्लवी केसरी, निधि केसरी , सरिता केशरी, सुषमा केशरी ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति के माध्यम से मां गंगा की पावन तट पर उपस्थित समस्त दर्शक गण के हृदय को मंत्र मुग्ध किया।कार्यक्रम का संयोजन सुबह ए बनारस के सचिव एवं संस्थापक डॉ रत्नेश वर्मा ने किया । मुख्य अतिथि श्रीमती इंद्र कला केशरी ने समस्त कलाकारों को अंग वस्त्रम प्रदान कर उनका सम्मान किया। सीमा केसरी ने सफल संचालन कर महोत्सव की महत्ता से अवगत कराया। समस्त कलाकारों को आशीर्वचन डॉ अरविन्द केशरी ने किया।इस अवसर पर डॉ उत्कर्ष केसरी, श्री श्याम कुमार केसरी, श्री उद्भव केसरी एवम भारी संख्या में दर्शक गण उपस्थित रहे।

दानगंज पंडाल का उद्घाटन विधायक त्रिभुवन राम ने किया



प्रखर दानगंज वाराणसी। चोलापुर दानगंज बाजार में मां दुर्गा की प्रतिमा पंडाल में स्थापित हुआद्य बडे ही हर्षो उल्लास के साथ विधायक त्रिभुज राम ने पंडाल का उद्घाटन कर हिंदू रीति रिवाज के साथ पूजा पाठ कर मूर्ति स्थापित किया द्यदानगंज स्थित राधा कृष्ण दुर्गा पूजा समिति. शिव शक्ति पूजा समिति. जय बजरंग दुर्गा पूजा समिति. मित्र मडल दुर्गा पूजा समिति सहित बलिरामगज. नियार . बेला आदि पंडाल मे मूर्ति स्थापित हुए और भक्त दर्शन पूजन । मौके पर उपस्थित जनों में पूर्व प्रमुख चोलापुर लाल बहादुर सिह. गोविन्द बरनवाल .सुरेंद्र सिंह, राम नगीना सेठ, अरविंद सेठ, सुजीत सिंह, चंद्र प्रकाश सिंह, संपूर्णानंद त्रिपाठी, प्रमोद पाठक, गोविंद बरनवाल, पंकज चौबे आदिल उपस्थित रहे।

नवरात्रि के पवित्र अवसर पर हुआ बालिका पूजन

प्रखर चिरईगांव वाराणसी। स्थानीय विकास खंड के कंपोजिट विद्यालय सोनबरसा में अध्यापक अध्यापिकाओं द्वारा कन्या पूजन का कार्यक्रम किया गया,शक्ति स्वरूपा बालिकाओ के पूजन के क्रम में उन्हें भेट के रूप में पानी की थर्मस व गिलास प्रदान किया गया और हलुवा पूड़ी का भोग प्रसाद का वितरण भी हुआ । कार्यक्रम का आयोजन अवनीश पाठक ने किया ,विद्यालय के प्रधानाध्यापिका सविता सक्सेना ने बालिकाओ का पूजन किया ।
कार्यक्रम में मुख्य रूप से सविता सक्सेना ,अवनीश पाठक ,आरती गौतम,आशा,शशांक वर्मा,राजेश पांडेय,हनुमान चौबे,लीलावती,ज्ञानेत्रि,नीतू नीलम,सविता शर्मा,प्रमिला समेत सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

गोल्डन बेल्स एकेडमी में मनाया गया नवरात्रि का उत्सव

प्रखर जौनपुर। चंदवक क्षेत्र के ठाकुर रामधनी चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित गोल्डन बेल्स एकेडमी स्कूल में प्रिंसिपल राणा प्रताप सिंह की अध्यक्षता में नवरात्रि और विजयदशमी का त्यौहार बड़े धूमधाम से मनाया गया।जहाँ पर स्कूली बच्चों ने नवदुर्गा की उपासना,रावण पुतला दहन व धार्मिक गीतों की प्रस्तुति कर वहां पर उपस्थित लोगों का मनमोह लिया।इस अवसर पर माँ शैलपुत्री अनन्या यादव माँ ब्रह्मचारिणी आर्या यादव माँ चंद्रघंटा रितिका यादव माँ कुष्मांडा अनुज्ञा उपाध्याय माँ स्कंदमाता शिक्षा यादव माँ कात्यायनी प्रतिज्ञा त्यागी माँ कालरात्रि दर्शना सिंह माँ महागौरी साक्षी यादव माँ सिद्धिधात्री आंचल यादव बनी थी ।इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल राणा प्रताप सिंह ने कहा कि नवरात्रि के अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा हर वर्ष इस प्रकार का कार्यक्रम किया जाता है ।

सुरक्षा सैनिक व सुपरवाइजर की भर्तीयां ब्लाक स्तर पर, तिथिवार हुई निर्धारित

प्रखर मऊ। कंपनी के डिप्टी कमांडेंट बताया कि जनपद के सभी विकास खण्ड मुख्यालयो में एसआईएस इंडिया लि0 जौनपुर के तत्वाधान में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु शिविर का आयोजन किया जायेगा। एसआईएस इंडिया लि0 भारत की बहुराष्ट्रीय कम्पनी है। जो सुरक्षा प्रदान करने का कार्य पूरे भारत व विदेशो में कर रही है। इस शिविर में सुरक्षा सैनिक व सुपरवाइजर की नियुक्ति की जायेगी। विकास खण्ड मुख्यालयो पर तिथिवार आयोजित शिविर के पूर्ण विवरण अनुसार तिथियां ब्लाक स्तर पर निर्धारित की गई है। 26 व 27 अक्टूबर को परदहा ब्लॉक में , 28 व 29 अक्टूबर को बड़राव ब्लॉक , 30 अक्टूबर व 1 नवंबर को घोसी ब्लॉक, 2 व 3 नवंबर को कोपागंज ब्लाक, 4 और 5 नवंबर को रतनपुरा ब्लाक, 6 व 7 नवंबर को रानीपुर ब्लाक,8 व 9 नवंबर को मोहम्मदाबाद गोहना ब्लॉक में निर्धारित किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि किसी ब्लॉक के अभ्यर्थी किसी भी ब्लॉक में भर्ती देख सकते हैं। जिला विकास अधिकारी द्वारा इन शिविरो के सफल आयोजन के लिए सभी खण्ड विकास अधिकारियो को निर्देशित किया गया है कि वे आपेक्षित सहयोग प्रदान करेंगे तथा डिप्टी कमांडेंट रजनीश राय द्वारा आयोजन को लेकर अपेक्षाओ के अनुरूप अपना सहयोगात्मक योगदान देंगे। डिप्टी कमांडेंट श्री राय ने बताया कि सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर पद के लिए शारीरिक माप दण्ड जिसमें लम्बाई 168 सेंमी, सीना 80–85 सेंमी तथा उम्र 21 से 37 के बीच ,वजन 56 से ज्यादा 90 से कम, योग्यता हाईस्कूल पास होना चाहिए। उन्होंने इच्छुक बेरोजगार युवको को उक्त निर्धारित तिथिया अपनी सुविधानुसार संबंधित ब्लाको में निर्धारित शिविर में भर्ती हेतु प्रतिभाग कर सकते है जिसमें चयनित अभ्यर्थियो का पंजीकरण करने के लिए 500 रू0 ऑनलाइन जमा करना होगा। पंजीकृत चयनियत अभ्यर्थियो को प्रशिक्षण अथवा ट्रेनिंग के लिए जौनपुर भेजा जायेगा, जहाँ प्रत्येक चयनित एवं इच्छुक उम्मीदवारों को प्रशिक्षण के दौरान एक माह प्रशिक्षण के उपरान्त उन्हें तैनाती स्थलो पर सुरक्षा के कार्य में स्थाई तैनाती दिया जायेगा। जहाँ नौकरी के दौरान पीएफ ईएसआई, ग्रेच्युटी, इन्स्युरेन्स, पेंसन एवं अन्य सुविधाएं प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा 65 वर्ष तक स्थाई नौकरी, सलाना वेतनवृद्धि, समय समय पदोन्नति एवं राज्य सरकार के न्यूनतम वेतन अधिनियम के तहत वेतन का भुगतान किया जाता है। विशेष जानकारी के लिए संस्था के अधिकृत वेबसाइट ूबपपदकपं.बवउ को देखा जा सकता है।

सांसद खेलकूद प्रतियोगिता कार्यक्रम संपन्न

प्रखर राजातालाब। संसद खेलकूद प्रतियोगिता काशी कार्यक्रम के दूसरे दिन न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता प्राथमिक विद्यालय जगरदेवपुर एवं कंपोजिट विद्यालय गंगापुर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गई। जिसमें नोडल शिक्षक संकुल रामदुलार निर्णायक मंडल में प्रभाकर द्विवेदी, सत्य प्रकाश पाल, अनिल उपाध्याय, लालू मौर्य, विजय कुमार, विजय राय, चंदन सिंह, विश्वास पांडे, रूबी सेन एवं महती भूमिका में अविनाश पांडे उपस्थित रहे।

इंडिया प्राउड संस्था ने सुनील मिश्रा को वर्ष का बेस्ट एडमिन,पीआर,सीएसआर,लीगल मैनेजर चुना



प्रखर गोरखपुर। इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसंपर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा को इंडिया प्राउड संस्था द्वारा वर्ष २०२३ का बेस्ट एडमिन,पीआर, सीएसआर,लीगल मैनेजर चुना गया।यह अवार्ड फरीदाबाद में दिया गया।अवार्ड की सॉफ्ट कॉपी संस्था के वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसम्पर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा से साझा किया तथा अवार्ड देने हेतु डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने आभार जताया और कहा कि आईपीबीआर संस्था द्वारा तकरीबन दो सौ से अधिक संस्थानों के एडमिन अधिकारियो के विवरण लिए गए थे जिनमे से डॉ सुनील कुमार मिश्रा को बेस्ट एडमिन मैनेजर २०२३ चुना गया।

थाई नागरिक के द्वारा बच्चों को दिया भोजन सामग्री दान



मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है – ओमप्रकाश जायसवाल

प्रखर कसया, कुशीनगर। नगरपालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड संख्या 20 वीर सावरकर नगर (टीचर कालोनी सबया) में थाई नागरिक रमीन सचयान के सौजन्य से थाई भिक्षुओं ने फर्स्ट स्टेप प्री स्कूल के बच्चों को भोजन दान दिया और तथागत बुद्ध से बच्चों के स्वस्थ्य व सुखी जीवन के लिए प्रार्थना की। शनिवार को थाई मोनेस्ट्री कुशीनगर के भिक्षु के साथ पहुंचे भिक्षु पी सारोट, भिक्षु पी थून, मिस ए ने सर्वप्रथम बुद्ध वन्दना की। इसके बाद डाइरेक्टर फौजिया परवीन व टूर गाइड मनोज कुमार प्रजापति की देखरेख में समाजसेवी ओमप्रकाश जायसवाल के साथ बच्चों को केक, शाकाहारी बिरयानी, जिलेबी, मिठाई, बिस्कुट आदि लजीज खाद्य दिया और उनको भन्ते सों क्रांन व भिक्षुओं ने आशिर्बाद दिया। समाजसेवी ओमप्रकाश जायसवाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में सेवा को परम धर्म माना गया है। थाई नागरिक द्वारा देश के विभिन्न हिस्सों में किये जा रहे सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि।सेवा का दान महादान है। इस तरह के नेक कार्य सदा प्रेरक होते हैं। थाई नागरिक रमीन सचयान कुशीनगर में थाई क्लिनिक के संस्थापक भी हैं और सदैव बच्चों, जरूरतमन्दों की सहायता करते रहते हैं। इस दौरान प्रिया शर्मा, अर्चना, शुक्ला, इस्तखार अंसारी, सोनाली जायसवाल, ईशा जायसवाल, मानसी वर्मा आदि शिक्षिका, बच्चे, अभिभावक मौजूद रहे।

विश्वकप देखने के लिए सौ खिलाड़ी लखनऊ रवाना

प्रखर मऊ। क्रिकेट विश्वकप के दौरान लखनऊ इकाना स्टेडियम में श्रीलंका बनाम न्यूजीलैंड का लाइव मैच देखने के लिए सौ खिलाई लखनऊ रवाना हो गए हैं। यूपीसीए की तरफ से गाजीपुर मंडल के अंतर्गत जनपद मऊ के सौ खिलाड़ियों को मैच देखने के लिए टिकट प्रदान किया गया। शनिवार की सुबह मऊ क्रिकेट संघ अध्यक्ष डॉ संजय सिंह ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डा सिंह ने बताया कि हमारे जनपद के लिए यह बहुत सौभाग्य की बात है। क्रिकेट में अपना भविष्य बनाने को उत्सुक सौ खिलाड़ियों के लिए यह प्रेरणादायी क्षण होगा। अंतर्राष्ट्रीय स्तर का मैच उनको भविष्य में बहुत कुछ करने के लिए प्रेरित करेगा। मऊ क्रिकेट एसोशिएशन द्वारा खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयास किया जा रहा है।

सत्य सनातन सेवा संस्थान ट्रस्ट की वाराणसी शाखा के एक वर्ष पूर्ण होने पर यज्ञ और भंडारा का आयोजन, श्री शक्ति सम्मान से किया अलंकृत

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। दक्षिण भारत की सुप्रसिद्ध सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संस्था सत्य सनातन सेवा संस्थान ट्रस्ट की वाराणसी शाखा के एक वर्ष पूर्ण होने पर अस्सी घाट स्थित कोविलूर मठ में राष्ट्र के सुख समृद्धि की कामना के संकल्प के साथ काशी के वैदिक विद्वान पंडित धनंजय खूंटे के आचार्यत्व में वैदिक विद्वानों ने यज्ञ संपन्न कराया। कार्यक्रम संयोजक चक्रवर्ती विजय नावड ने बताया कि सत्य सनातन सेवा संस्थान ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी मुक्तानंद सरस्वती जी महाराज के नेतृत्व में आयोजित समारोह में समाज में उल्लेखनीय योगदान करने वाली पांच विशिष्ट विभूतियों के वेंकटरमण घनपाठी, स्वामी अखंड सम्राट आनंद, राजेश अग्रवाल जीएन , श्रीमती वंदना सिंह , साक्षी पांडेय आदि को श्री शक्ति सम्मान से अलंकृत किया गया। सभी विभूतियों को संस्था के अध्यक्ष स्वामी मुक्तानंद सरस्वती जी महाराज ने अंगवस्त्रम, सम्मान पत्र एवं रुद्राक्ष भेंटकर सम्मानित किया इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालु भक्तों के बीच भव्य भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया अतिथियों का स्वागत स्वामी मुक्तानंद सरस्वती जी महाराज ने किया। कार्यक्रम का संचालन चक्रवर्ती विजय नावड ने किया द्य कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सत्य सनातन सेवा संस्थान वाराणसी शाखा के अध्यक्ष पंडित रोशन उपाध्याय , कोविलूर मठ के प्रबंधक बालू स्वामी, कार्तिकेयन, दीपक सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे ।

अभिषेक मिश्र ने एस.एस. सी.परीक्षा की उत्तीर्ण

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। बनौली, महाराजगंज निवासी केशवनाथ मिश्र, सेवानिवृत बिजली विभाग के होनहार पुत्र अभिषेक मिश्र ने प्रथम प्रयास में एस.एस.सी. परीक्षा उत्तीर्ण कर कीर्तिमान स्थापित किया द्य अभिषेक ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से, वनस्पति विज्ञान में एम.एस.सी. किया है वह बचपन से पढ़ने में मेधावी रहे हैं अभिषेक ने इस सफलता का श्रेय अपने माता–पिता को दिया है नियुक्ति की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने बधाई दी अभिषेक ने पूछने पर बताया उनका अगला लक्ष्य उच्च शिक्षा में जाने का है वह पी०एच०डी० करना चाहते हैं। अभिषेक मिश्र के बड़े भाई डॉ. संजय मिश्र, पूर्व हिन्दी प्रवक्ता सुधाकर महिला पी. जी. कालेज अाैर वर्तमान में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर में कार्यरत है इस अवसर सुधाकर महिला पी. जी. कालेज में के प्राचार्य डॉ. प्रभु नारायण दूबे, समन्वयक डॉ. अशोक कुमार पाण्डेय, निदेशक आशीर्वाद दूबे ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई और आशीर्वाद दिया महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. अवनीश पाण्डेय, डॉ. श्याम सुन्दर मिश्र, डॉ. मंजु त्रिपाठी, डॉ. मनोरमा तिवारी, डॉ. नन्द लाल यादव, डॉ. राजकुमार श्रीवास्तव और डॉ. शशिभूषण पाण्डेय आदि प्रवक्ताओं ने उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी यह सूचना अभिषेक के बड़े भाई रत्नेश मिश्र ने दी ।

बच्चों को अच्छी शिक्षा ही समृद्धि देश का निर्माण— तूफानी सरोज

प्रखर पिंडरा वाराणसी। केराकत के सपा विधायक व पूर्व सांसद तूफानी सरोज ने कहाकि बच्चे एक कच्चे घड़े की तरह होते है उन्हें सही सांचे में पकाने का काम शिक्षक का है।उक्त बातें शनिवार को दिनदासपुर स्थित ज्योति कान्वेंट स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह के दौरान कही। उन्होंने कहाकि बच्चों को सरकार केवल जुमलेबाजी कर रही हैं। अध्यक्षता पुन्नीलाल प्रजापति व संचालन वंशनरायन पटेल ने किया। इस दौरान आधा दर्जन मेधावी छात्र छात्राओ को साइकिल दी गई। वही अन्य छात्र छात्राओं को विभिन्न तरह के पुरस्कारों से पुरस्कृत किया गया। इस दौरान प्रदेश सचिव सपा कमलेश पटेल, जिला पंचायत सदस्य सिंकदर मिश्रा, संजय राजभर,सन्तोष यादव व चंद्रदेव पाल समेत अनेक लोग रहे।

'पुलिस स्मृति दिवस' के अवसर पर एसपी के द्वारा अमर शहीद पुलिस जवानों को श्रद्धा–सुमन व पुष्प चक्र अर्पित करते हुए दी गई श्रद्धांजलि

प्रखर संतकबीरनगर। पुलिस स्मृति दिवसः– 21 अक्टूबर 1959 का दिन था, लद्दाख के हॉट–स्प्रिंग के पास ब्च्थ् (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) की पेट्रोलिंग पार्टी के तीन ऑफिसर्स को भारत–तिब्बत बॉर्डर पर चीनी सैनिकों ने अपनी हिरासत में ले लिया, अगले दिन जब उनकी तलाश में सीआरपीएफ की टीमें गई तो उन पर पहले से घात लगाकर बैठे चीनी सैनिकों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी । सीआरपीएफ के जवानों ने भी उस हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया लेकिन उस अचानक हुए हमले में सीआरपीएफ के 10 जवान शहीद हो गए तथा सात अन्य जवान घायल हो गए, उसी दिन से उन 10 वीर सीआरपीएफ जवानों की शहादत को याद करते हुए प्रत्येक वर्ष संपूर्ण भारतवर्ष में 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है । जनवरी 1960 में भारत के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस महानिरीक्षकों की वार्षिक बैठक में लिए गए निर्णय के बाद से ष् प्रत्येक वर्ष ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाने वाले और लद्दाख में शहीद हुए वीर पुलिसकर्मियों के बलिदान के सम्मान में हर वर्ष 21 अक्टूबर को (पुलिस स्मृति दिवस) नेशनल पुलिस ड़े मनाया जाता है । उपरोक्त परिपेक्ष में प्रत्येक वर्ष की भाँति आज दिनांक 21–10–2023 को पुलिस स्मृति दिवस–2023 पर पुलिस अधीक्षक सन्तकबीरनगर सत्यजीत गुप्ता द्वारा पुलिस लाइन में प्रतीकात्मक शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर कर्तव्यपथ पर अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले शहीद पुलिस कर्मीयों को भावभीनी श्रद्धान्जलि अर्पित कर सलामी दी गयी । इस दौरान उपस्थित सभी पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगणो को पुलिस अधीक्षक के द्वारा वर्ष 2022–2023 (एक वर्ष) में अपने कर्तव्य पालन के दौरान शहीद हुये उत्तर प्रदेश पुलिस के जवानों की शहादत के विषय में अवगत कराया गया । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सन्तकबीरनगर संतोष कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद दीपांशी राठौर, क्षेत्राधिकारी धनघटा बृजेश सिंह, क्षेत्राधिकारी मेंहदावल अम्बरीष सिंह भदौरिया, क्षेत्राधिकारी यातायात केशवनाथ, प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन सन्तकबीरनगर रजनीकान्त ओझा, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद रविन्द्र कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना मेंहदावल विजय कुमार दूबे, प्रभारी निरीक्षक दुधारा चन्दन कुमार, प्रभारी निरीक्षक डायल112 रमजान अली अंसारी, प्रभारी निरीक्षक मानिटरिंग सेल अनिल कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे ।

महिलाओं, बेटियों की सुरक्षा के लिए पुलिस 24 घंटे तत्पर – चंदन राय

मिशन शक्ति अभियान के तहत एंटीरोमियो द्वारा किया जागरूक

प्रखर खेतासराय (जौनपुर)। एसपी डॉ अजय पाल शर्मा के निर्देशन में शनिवार को खेतासराय पुलिस टीम ने महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाते हुए आम लोगों को जागरूक किया। खेतासराय थानाध्यक्ष चंदन राय की अगुआई में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत क्षेत्र के सभी प्रमुख विद्यालयों में छात्राओं को महिला पुलिस कर्मियों द्वारा जागरूक किया गया। महिला आरक्षी अंतिमा सिंह, प्रीति मिश्रा ने श्री राम इंटर कॉलेज बरंगी, पूर्व माध्यमिक विद्यालय मानीकला में मौजूद विद्यालय की छात्राओं, पास पड़ोस की महिलाओं को संबोधित करते हुए बताया कि महिलाओं बेटियों की सुरक्षा के लिए प्रदेश सरकार पूरी तरह से सख्त है। कहा किसी भी व्यक्ति द्वारा छींटाकशी, छेड़खानी, सोशल मीडिया से परेशान करने अथवा किसी अनजान व्यक्ति पर किसी प्रकार का संदेह होने पर पुलिस की तत्काल मदद लेनी चाहिए। इसके लिये 1090 व 112 सहित अन्य मोबाइल नंबरों पर फोन करके सूचना दे सकते हैं। उन्होंने बेटियों को भरोसा दिया कि पुलिस को सूचना देने वाले का नाम भी गोपनीय रखा जाएगा। थाने पर महिला हेल्पलाइन बनाया गया है। जिस पर महिला पुलिस अधिकारी व कर्मचारी हमेशा मौजूद रहती हैं। वहाँ जाकर अपनी समस्या से अवगत करा सकती हैं। उपनिरीक्षक गुलाबचंद यादव ने सबसे सहयोग के लिए आह्वान किया। इस मौके पर महिला आरक्षी रीना देवी, प्रीति मिश्रा, अंतिमा सिंह, सुनैना, राखी अन्य मौजूद रहें।

मनचलों की अब खैर नही – शुभम तोदी

खेतासराय। मिशन शक्ति अभियान फेज 04 के तहत शाहगंज में सीओ शाहगंज शुभम तोदी और प्रभारी निरीक्षक शाहगंज व शक्ति दीदी टीम के द्वारा छात्राओं को लैंगिक समानता, हिंसा की रोकथाम एवं पीड़िता को सामाजिक प्रतिष्ठा दिलाने के संबंध में जागरूक किया गया व मिशन शक्ति के तहत नारी सुरक्षा नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन एवं महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, पुलिस आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य हेल्पलाइन नंबर 102, एम्बुलेंस नंबर 108, एवं साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930, फायर सर्विस नंबर 101 बारे मे जानकारी दी गई।

गाजीपुर के देवकली ब्लाक के रामपुर- मांझा गांव में हुआ ग्रामीण बच्चों के द्वारा पारंपरिक रामलीला का मंचन

प्रखर पूर्वांचल गाजीपुर। जिला के देवकली ब्लाक की रामपुर– मांझा गांव के बाबा कीनाराम आश्रम में रामलीला मंच में ग्रामीण बच्चों के द्वारा रामलीला का सचित्र दृश्य ग्रामीण पत्रों के द्वारा बड़े रोचक ढंग से दिखाया गया। जिसमें मंदोदरी ने रावण को समझायी सीता को चोरी से लाकर लंका में ठीक नहीं किया। सीता को लौटा कर प्रभु से क्षमा मांग लीजिए फिर भी रावण नहीं माना भाई विभीषण ने भी समझाया कहा कहां सचिव वेद गुरु तीन जौ प्रिय बोलही भै आस राज धर्म तन तीन कर होहि बेगही नास लेकिन रावण ने अपने भाई को लात मार कर सभा से निकाल दिया विभीषण तब श्री राम जी से जाकर मिले श्री रामचंद्र जी ने विभीषण का स्वागत किया और अपनी सेना में सम्मिलित कर पूरा सम्मान किया सेतु बाध रामेश्वरम पुल बनाने के बाद अंगद ने रावण दरबार में प्रभु श्री राम की कृपा से अपनी शक्ति का प्रदर्शन दिखाई और रावण को समझाया अंगद ने कहा कि अब भी समय है श्री रामचंद्र जी से क्षमा मांग कर माता जानकी को लौटा दो तुम्हारा कल्याण हो जाएगा ग्रामीण माताएं बहनें भगवान श्री राम जी की रामलीला को देखकर आनंदित होती रही अगले दिन की रामलीला लक्ष्मण शक्ति दिखाया जाएगा ।

डीएम ने तहसील दिवस पर फरियादियों को सुना, दिये सख्त निर्देश, कई को दी चेतावनी

प्रखर पिंडरा वारा.सी। जिलाधिकारी ,स राजलिंगम ने कहाकि अधिकारी व कर्मचारी फरियादियो को परेशान करने आदत से बाज आने की चेतावनी देते हु, गुावत्तापूर्ा ढंग से प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की अपील की और कई अधिकारियों और कर्मचारियों को फटकार ल•ई। डी,म शनिवार को पिंडरा तहसील पर फरियादियों को सुनवाई करते हु, उक्त निर्देश दि,। तहसील दिवस पर ताड़ी के रामजियावन गुप्ता ने आरोप लगाया कि बाबतपुर में स्थित जमीन पर स्टे होने के बावजूद {ा=ीय लेखपाल और कानूनगों }ारा ,क रियल स्टेट कम्पनी के लि, मेड़बन्दी कर कब्जा करने का आरोप ल•ाया। जिसपर डी,म ने ,सडी,म को जांच करने का निर्देश दि,।

भोपतपुर के मनीष पांडेय ने चार माह सड़क दु?ाटना में मृत पिता के मामले में चार्जशीट दाखिल करने के लि, सुबिधा शुल्क मांगने की शिकायत की। राजपुर के ऊदल पटेल ने धारा 229 बी की सुनवाई 20 वर्षो बाद भी न होने पर गुहार लगाई। जिसपर डी,म ने निर्देश दि,। रोह निवासी चंद्रप्रकाश ने सीमांकन के बावजूद बने रास्ता को चक में मिला लेने की शिकायत की। जिसपर डी,म ने अवैध कब्जा करने वाले के खिलाफ ,फआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया। हमीरापुर निवासी कई दर्जन महिलाओं ने तहसील पिंडरा में प्रदर्शन करते हु, न्याय की गुहार लगाई व आरोप लगाया कि कुआर निवासी रशीद अली व प्राइवेट बैंक के कर्मचारियों के मिली भगत से पशुपालन व दुकान खोलने के नाम पर लाखों रुप, की ठगी करके ऋ.ा का पैसा स्वयं ले लेने का आरोप लगाया। वही बसनी निवासी अभय कुमार ने आरोप लगाया कि ,यरपोर्ट की विस्तारिकर.ा में जो जमीने अधिकर.ा की जा रही है उसमें जिसका मकान गाटर पटिया का है तो उसे टीन सेट दिखाया गया है। ताड़ी निवासी छेदीलाल गुप्ता ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान और प्रधान अधिकारी इंटरलॉकिंग करते समय न, ईंट के जगह पुराने ईंट और लाल बालू के स्थान पर सफेद बालू को लगाया गया और सरकारी धन का बंदर बांट किया गया।

सम्पू.ा समाधान दिवस पर कुल 113 मामले आये जिसमे 9 मामले का निस्तारण हो पाया। इस दौरान पुलिस कमिश्नर अशोक मुथा जैन, सीडीओ हिमांशु नागपाल, ,डी,म प्रशासन विपिन कुमार, ,सडी,म प्रतिभा मिश्रा, ,सीपी प्रतीक कुमार , तहसीलदार विकास पांडेय समेत अनेक जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

डेहरी की बेटी अंशिका व आयुषी ने जीते 6गोल्ड मेडल

प्रखर जौपपुर। 73वा जौनपुर जिला स्तरीय स्कूल एथलीट खेल प्रतियोगिता का तीन दिवसीय आयोजन दिनांक –18/19/20–2023 को सेनापुर के राकत में आयोजित किया गया, जिसमें जनपद से 20ब्लाक के सैकड़ों खिलाड़ियों ने अलग अलग खेल प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिस्पर्था का बेहतर प्रदर्शन किया, वहीं डेहरी गांव की आयुषी व अंशिका यादव ने एक बार फिर साबित कर दिया कि पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है। जौनपुर जनपद स्तर खेल प्रतियोगिता में कड़ी चुनौतियों का सामना करते हुए अंशिका यादव ने अंडर 14 गर्ल्स 100/400/(4'100) रिले रेस में 3गोल्ड मेडल के साथ बेस्ट एथलीट रही जो कि डेहरी गांव ही नहीं पूरे जौनपुर जनपद को गौरवान्वित किया, हम सब के लिए गौरव और हर्ष का विषय है, वहीं आयुषी यादव ,200/600/(4'100) रिले रेस में 3गोल्ड मेडल अपने नाम किया, दोनों खिलाड़ी के0डी0 कराटे स्पोर्ट्स एकेडमी डेहरी में अभ्यासरत है, खिलाड़ियों ने इसका श्रेय अपने माता–पिता, सहयोगी खिलाड़ियों सहित कोच श्री सोनू यादव, प्रधान पति सुभाष यादव (फौजी), भारत तिब्बत सीमा पुलिस के जवान अजय कुमार यादव को दिया, मंडल स्तर एथलीट खेल प्रतियोगिता के लिए दोनों खिलाड़ियों का चयन किया गया।

आशीर्वाद लेने खुदौली पहुँची पूर्व मंत्री स्वाती सिंह

प्रखर खेतासराय जौनपुर। लखनऊ के सरोजनीनगर से विधायक रही सूबे की चर्चित पूर्व मंत्री स्वाती सिंह प्रख्यात ज्योतिषाचार्य अवनीश सिंह शगुरुश से आशीर्वाद लेने बुधवार की देर शाम खुदौली पहुँची । यहाँ करीब एक घण्टे रुकने के बाद लखनऊ के लिए रवाना हो गई । यह उनका निजीय कार्यक्रम रहा जिस से किसी को भनक नही लगी । मालूम हो कि वह स्वत्रं प्रभार मंत्री दयाशंकर सिंह की धर्मपत्नी है, बाद में उनसे तलाक हो गया था । मौजूदा परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह का पूर्व में बसपा सुप्रीमो मायावती पर अभद्र टिप्पणी को लेकर तत्कालीन पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी समेत अन्य नेताओ ने उनके परिवार पर अपमानजनक टिप्पड़ी कर दी जिसके बाद स्वाती सिंह चर्चा में आई थी। स्वाती सिंह ने शगुरुश महाराज से कुशलक्षेम के बाद उनसे कई मुद्दे पर बात भी की । उनके आवास पर जमा कुछ चुनिंदा लोगों से संवाद भी किया । इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने विपक्ष बौना साबित हो रहा है । एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि बिजेपी के खिलाफ एकजुट विपक्षी पार्टियों के गठबंधन में दरार आना शुरू हो गया है । इस मौके पर प्रमुख रूप से समाजसेवी रिंकू सिंह, मन्नू नेता, अभिषेक परमार, डॉ अनीश सिंह चौहान, प्रवेश यादव, अमन समेत अन्य लोग मौजूद रहे ।

पोखरी की जमीन पर अवैध कब्जा की शिकायत



प्रखर पूर्वांचल सहजनवा गोरखपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम सीहापार में ग्राम सभा की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने की शिकायत तहसील दिवस के मौके कि गई। मिली जानकारी के अनुसार छविनाथ पुत्र स्वर्गीय बीरबल ने 21 अक्टूबर दिन शनिवार हो रही है इस प्रकार से भूमि पर अवैध कब्जा सरकारी तंत्र की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रहा है शिकायतकर्ता ने उक्त प्रकरण की गंभीरता को संज्ञान में लेते हुए जांच कर निर्माण कार्य रूकवाने तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। उक्त मामले को संज्ञान में लेते हुए तहसील दिवस की अध्यक्षता कर रहे एडीएमई गोरखपुर पुरुषोत्तम दास गुप्ता ने उक्त मामले में उप जिलाधिकारी सहजनवां को पोखरा में अवैध कब्जा की जांच कर तत्काल निर्माण कार्य रुकवाने का निर्देश दिया गया है।

वीएस किड्स प्ले स्कूल ने बच्चों के संग नवरात्रि एवं दशहरा का मनाया उत्सव

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। दशहरा पर्व के अवसर पर श्रीमती विभा शर्मा जन सेवा ट्रस्ट द्वारा 21अक्टूबर शनिवार कों मीरापुर बसही क्षेत्र के अशोकपुरम कालोनी स्थित वीएस किड्स प्ले स्कूल में नवरात्रि एवं दशहरा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नन्हे मुन्ने छात्र–छात्राओं द्वारा राम , सीता , लक्ष्मण ,हनुमान का पात्र प्रस्तुत किया गया द्य प्रधानाचार्य श्यामधर शर्मा बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा महापर्व हर वर्ष मनाया जाता है नर्सरी , केजी, यूकेजी के नन्हे मुन्ने छात्रों ने प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया नन्हे मुन्ने बच्चों शानवी,भाग्यश्री ध्वनि, आराध्या , आन्या , अद्विक प्रियांश ने राम सीता लक्ष्मण हनुमान का पाठ निभाया। छात्राओं ने डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया प्रधानाचार्य श्यामधर शर्मा ने बच्चों को धार्मिक त्योहारों के प्रति आस्था से अवगत कराया उन्होंने बताया कि हमें पढ़ाई के साथ–साथ धार्मिक त्योहार और नैतिकता को नहीं भूलना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता को–ऑर्डिनेटर प्रज्ञा सिंह, सुधा राय एवं शिक्षिका अंकिता उपाध्याय ने किया।

महिला महाविद्यालय एवं बाल विद्यालय माध्यमिक स्कूल में नवरात्र एवं दशहरा उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

प्रखर रामनगर वाराणसी। डोमरी स्थित आचार्य सीताराम चतुर्वेदी महिला महाविद्यालय एवं बाल विद्यालय माध्यमिक स्कूल में नवरात्र एवं दशहरा उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।सर्वप्रथम प्रबंधक डॉ. जयशीला पांडेय तथा महाविद्यालय की निदेशिका प्रो. कल्पलता पांडेय, पूर्व कुलपति, जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया, उ0 प्र0, प्राचार्य डॉ. विजय शंकर मिश्र ने मां दुर्गा के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा कुलगीत तथा विद्यालय के शिक्षक–शिक्षिकाओं द्वारा भजन की प्रस्तुति की गई। बी.कॉम की छात्रा हर्षिता दुबे ने नवरात्र के नौ दिनों के महत्व के बारे में बताया। विद्यालय के नन्हे–मुन्ने बच्चों ने मनमोहक नृत्य तथा महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया गया।प्रो. कल्पलता पांडेय ने ष्या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता, नमस्तस्ए नमस्तस्ए नमस्तस्ए नमो नमः ष मंत्र से अपने बात की शुरुआत करते हुए बताया कि कैसे माता ने महिषासुर का वध कर सब की रक्षा कीं। उन्होंने नवरात्र के नौ दिन माता स्वरूप के पूजा महत्व के बारे में विस्तृत रूप से उपस्थित लोगों को बताया। कुलगीत की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी संस्था के उन्नति में कुलगीत का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान होता है।नन्हे–मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य तथा छात्राओं द्वारा प्रस्तुत डांडिया नृत्य की उन्होंने प्रशंसा की। नवरात्र एवं दशहरा की हार्दिक शुभकामनाओ के साथ उन्होंने अपनी बात को समाप्त किया।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय शंकर मिश्र ने कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन किया।कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की शिक्षिका सुश्री दिव्या सिंह ने किया । संगीत व्यवस्था संगीत शिक्षक हरेंद्र पांडेय तथा दीपक मिश्र ने किया।कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक श्री मुकुल पांडेय, डॉ. अरुण कुमार दुबे, डॉ. रजनी श्रीवास्तव, डॉ. रचिता सिंह, सुरभि पांडेय, सोनिया मिश्रा, किरन शर्मा, विनीता जेटली, पीयूष दुबे, कमलेश सिंह, राजू, संतोष तिवारी, सोनू सेठ, जया तिवारी, श्रीमती अंकिता, अनीता पांडेय, चंद्रदीप सिंह, डॉ. अभिजीत आदि शिक्षक–शिक्षिकाएं तथा छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

ब्रिजलैक्स मोटर्स की नयी डीलरशिप का कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने किया उद्घाटन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। एयरपोर्ट रोड स्तिथ भेल के सामने ब्रिजलैक्स मोटर्स की नयी डीलरशिप का उद्घाटन कमिशनर कौशल राज शर्मा एवं ब्रिजलैक्स समूह ग्रुप के चेयरमैन बिमल कुमार अग्रवाल द्वारा किया गया । ब्रिजलैक्स मोटर्स नार्थ इंडिया में टाटा मोटर्स पैसेंजर कार की सबसे पुरानी एवं प्रसिद्ध डीलरशिपों में से एक है इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए 21 अक्टूबर शनिवार कों वाराणसी एयरपोर्ट रोड पर नयी डीलरशिप का उद्घाटन हुआ जहाँ सेल्स सर्विस एवं स्पेयर्स की सम्पूर्ण सुविधाये एक ही छत के नीचे उपलब्ध ह ै । डायरेक्टर विनम्र अग्रवाल एवं देवांग मेहरा ने बताया कि ब्रिजलैक्स ग्रुप की स्थापना बिमल कुमार अग्रवाल के द्वारा साल 1966 में की गयी थी और हम निरन्तर अपने ग्राहकों को बेहतर सुविधाये एवं सर्विस देने का प्रयास करते है इस नयी डीलरशिप के माध्यम से हम अपने ग्राहकों के और करीब पहुंच रहे है। यहाँ पर ग्राहकों को खुले वातावरण में गाड़ियों की सम्पूर्ण रेंज को देखने एवं टेस्ट ड्राइव करने का भरपूर मौका मिलेगा साथ–साथ इस शोरूम में इलेक्ट्रिक वाहनों की फास्ट चार्जिंग की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। शोरूम में टाटा पैसेंजर कार की सम्पूर्ण रेंज का डिस्प्ले देखने को मिला नयी नेक्सॉन जो कि पेट्रोल, डीजल एवं इलेक्ट्रिक वैरिएंट में उपलब्ध है खास आकर्षण का केंद्र बनी रही द्य इसका फ्यूचरिस्टिक डिजाइन, फाइव स्टार सेफ्टी रेटिंग एवं इसके पॉवरफुल परफॉरमेंस ने नेक्सॉन को हिन्दुस्तान की नंबर वन एसयूवी बना दिया है साथ ही ब्रांड न्यू टाटा सफारी की लॉन्चिंग की गयी जो कि नये फीचर्स, नये लुक और अतिउत्तम परफॉरमेंस के साथ मार्केट में रीलॉन्च कि गयी है द्य टाटा की ट्विन सिलिंडर सीएनजी कि नयी टेक्नोलॉजी को भी सभी अतिथियों ने बहुत सराहा। टाटा मोटर्स के रीजनल मैनेजर आशुतोष तिवारी, सीनियर मैनेजर जीशान रजा, विवेक सिंह, राहुल पाल, सुहैब अहमद एंव सईद मकसूद, बैंक, फाइनेंस कम्पनी, इन्श्योरेंस कम्पनी के वरिष्ठ अधिकारी, ऑटोमोबाइल डीलर्स, एंव अन्य विशिष्टजन कार्यक्रम में मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत जीएम रणधीर सिंह एंव सेल्स मैनेजर सर्वेश राय ने किया।

तहसील दिवस के दौरान ग्रामीणों का प्रदर्शन

प्रखर गोरखापुर। विकासखंड सहजनवां के ग्राम सभा चेचुआपार सरकारी राशन दुकान को लेकर दर्जनों की संख्या में तहसील दिवस के मौके पर पहुंचकर प्रदर्शन किया। मिल जानकारी के अनुसार जगत नारायण पुत्र स्वर्गीय रमाकांत निवासी ग्राम चेचुआपार ने तहसील दिवस के दौरान ग्राम सभा कटिया में राशन वितरण हेतु कोट की दुकान का काफी दिनों से लंबित प्रक्रिया को शीघ्र करने की मांग की है प्रार्थी ने प्रार्थना–पत्र के द्वारा तहसील अध्यक्षता कर रहे तहसील दिवस प्रभारी से सरकारी कोटे की दुकान के चयन के लिए गुप्त मतदान प्रक्रिया से कराने तथा कोटे चयन की तारीख नियत करने की मांग की है। इसके बाद कोट की दुकान का चयन जल्द होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इस दौरान जगत नारायण महेंद्र कुमार,अनिल विश्वकर्मा, अरविंद कुमार,विकास,हरिश्चंद्र प्रदीप,सुरेंद्र,दिलीप समेत आदि लोग मौजूद थे।

दशहरे के मौके पर होगा विराट दंगल का आयोजन

प्रखर पूर्वांचल सहजनवां गोरखपुर। गोरखपुर जनपद के सहजनवा तहसील अंतर्गत ग्राम सभा चकिया में दुर्गा मंदिर स्थल पर दशहरा पर्व के मौके पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष विराट कुश्ती दंगल एवं विशाल मेले का आयोजन 24 अक्टूबर दिन मंगलवार को किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी संतोष यादव सनी भैया एवं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी डॉ सईद बाबू रहबर होगें। इस विराट दंगल प्रतियोगिता में दूर–दराज के राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पहलवानों को आमंत्रित किया गया है उपरोक्त जानकारी दुर्गा मंदिर दंगल कमेटी के आयोजक बम भोला यादव के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है।

विधि विधान से की गई शीतला माता मूर्ति की स्थापना

प्रखर जखनिया गाजीपुर । क्षेत्र के रामबन गांव में नवनिर्मित मंदिर में माता शीतला की मूर्ति की स्थापना आचार्य पंडित श्यामू तिवारी द्वारा विधि विधान से पूजन कर किया गया। काफी संख्या मे लोगो ने कलश यात्रा को परसुपुर के हनुमान मंदिर से होकर भुड़कुड़ा स्थित राम अखाड़ा ,सिद्ध पीठ भुड़कुड़ा, गांव की काली मां मंदिर होते हुए वापस आकर वैदिक विधि विधान से माता शीतला की मूर्ति स्थापना कर दी गई । कार्यक्रम में वैदिक विद्वानों सहित ग्रामीण काफी संख्या में शामिल रहे ।आयोजन कर्ता कन्हैया यादव ,अशोक यादव द्वारा प्रसाद वितरण के साथ ही महाप्रसाद भी वितरण किया गया । शारदीय नवरात्र के मौके पर उपस्थित भक्तों की भारी भीड़ द्वारा माता के जयकारे से वातावरण भक्तिमय हो गया।

खेल प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल से किया गया सम्मानित

प्रखर जखनिया गाजीपुर । क्षेत्र के श्री फूलचंद यादव इंटर कॉलेज जाही के छात्राओं ने 67वीं प्रादेशिक विद्यालयी बालक बालिका खो खो प्रतियोगिता का आयोजन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर राज्य विद्यालय अयोध्या में 17 से 20 अक्टूबर को गई।जिसमें सोनम चौहान व शिवांगी नेअच्छा प्रदर्शन के साथ ही यू 14 बालिका वर्ग में जीत हासिल कर विद्यालय के साथ क्षेत्र का नाम रोशन करने के साथ सफलता मिलने से सिल्वर मेडल से सम्मानित किए जाने पर शनिवार को इनको घर वापसी पर स्थानीय रेलवे स्टेशन पर विद्यालय के शिक्षकों ने गर्वान्वित होते हुए माला फूल से सम्मानित किया ।प्रधानाचार्य महातिम यादव ने उनके भविष्य में आगे बढ़ाने की कामना की। मौके पर इन छात्राओं के पिता ईश्वर चौहान व बनारसी यादव सहित विद्यालय की छात्र–छात्राएं रही ।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं